दिनांक: 06.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा और बूंदी जिलों के दौरे पर हैं। बूंदी के हिंडौली पहुंचने पर लोकसभा अध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने हिंडौली में रोड़ शो किया। उनके आगमन पर हिंडौली कस्बे में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत का कार्यक्रम रखा है। दोपहर में उनका बूंदी और तालेड़ा में अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद श्री बिरला शाम को कोटा पहुंचेंगे, जहां 30 से अधिक स्थानों पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। गौरतलब है कि दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद श्री बिरला का अपने संसदीय क्षेत्र का ये पहला दौरा है।

....

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय–आरटीयू कोटा का आज 13वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र इसमें शिरकत कर रहे हैं। समारोह में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम भी मौजूद हैं। इस दौरान वर्ष 2022 और 2023 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी। दोनों साल के लिए दो कुलाधिपति और दो कुलपति पदक भी प्रदान किये जाएंगे। इसके अलावा 44 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से नवाज़ा जाएगा।

....

विश्व पशु जन्य रोग दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर पशु जन्य रोगों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। जानवरों से इंसानों में और इंसानों से जानवरों में फैलने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। यह रोग संक्रमित जानवर के दूषित माँस, जानवरों की लार, रक्त, मूत्र व बलगम के जरिए फैल सकते हैं। इनमें रेबीज़, स्क्रब टायफस, एवियन इनफ्लुएंजा, जापानी इन्सेफेलाइटिसिस जैसी बीमारियां शामिल हैं।

....

आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मातृभूमि के प्रति समर्पण और त्याग देशवासियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। वहीं देश आज पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को उनकी 38वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। बाबू जगजीवन राम ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

....

दूरदर्शन राजस्थान आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। केन्द्राध्यक्ष सतीश देपाल ने बताया कि डीडी राजस्थान ने जन आकांक्षाओं के अनुरुप कार्यक्रमों का प्रसारण करते हुए दर्शकों में गहरी साख स्थापित की है। कार्यक्रम प्रमुख सीमा विजय ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आज रात आठ बजे डीडी राजस्थान पर विशेष कार्यक्रम ''नैणा रा झरोखा सूं'' का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में कुचामनी ख्याल लोकनाट्य शैली के प्रसिद्ध कलाकार दयाराम भांड और तमाशा शैली के प्रख्यात कलाकार दिलीप भट्ट की प्रस्तुतियां होंगी।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, बूंदी, कोटा, सवाईमाधोपुर, करौली, टोंक, नागौर और बारां जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा से अतिभारी वर्षा दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा साढे 19 सेंटीमीटर बारिश बारां के शाहबाद में रिकॉर्ड की गयी। टोंक के देवली में 15 सेंटीमीटर, मालपुरा में 14, करौली और बूंदी के नैनवा में 12–12, बारां के किशनगंज में 10 सेंटीमीटर पानी बरसा। मौसम विभाग ने आज भी राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश की संभावना व्यक्त की है। कोटा के इटावा में लगातार हो रही बारिश से पार्वती नदी की पुलिया पर दो फीट पानी की चादर चल रही है। इससे कोटा–श्योपुर और कोटा–ग्वालियर

मार्ग अवरुद्ध हो गया है। झालावाड़ में प्री–मॉनसून की बरसात में बुवाई करने से वंचित रहे किसान अब खरीफ की फसल की बुवाई करने में जुटे हैं।

....

जैसलमेर के देवीकोट गांव के पास सड़क हादसे में एक चरवाहे की मृत्यु हो गई। हादसे में 60 से ज्यादा भेड़ों की भी मौत हो गई। ये दुर्घटना ट्रक की चपेट में आने से हुई।

....

भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच पांच टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला आज से शुरू हो रही है। श्रृंखला का पहला मैच हरारे में शाम साढे चार बजे से शुरू होगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवीन्द्र जडेजा के ट्वेंटी–ट्वेंटी मैचों से सन्यास लेने के बाद भारत का यह पहला टी–ट्वेंटी मैच है।

....